तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 22 फरवरी 2026

13 आठ पंचायतों में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण ...



14 लोहरसिंग की टीम बनी व्हालीबॉल प्रतियोगिता...





## बदहाल सड़कों पर प्रशासन का आश्वासन फेल, ग्रामीण और व्यापारियों में आक्रोश




हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग की बदहाली अब क्षेत्रीय जनता के सब्र का बांध तोड़ रही है। लोक निर्माण विभाग और स्थानीय प्रशासन द्वारा लिखित आश्वासन दिए जाने के बावजूद, सड़क निर्माण कार्य शुरू न होने से ग्रामीणों और व्यापारियों में भारी आक्रोश है। आलम यह है कि क्षेत्र में एक बार फिर महाचक्का जाम की सुगबुगाहट तेज हो गई है। विगत 9 जनवरी को तुलेश्वर वर्मा के नेतृत्व में स्थानीय व्यापारियों, युवाओं और ग्रामीणों ने जर्जर सड़क और जानलेवा गड्ढों के खिलाफ चक्का जाम किया था। उस दौरान सड़क की स्थिति इतनी भयावह थी कि स्कूल के बच्चे, राहगीर और मरीज कीचड़ और धूल के गुब्बारों के बीच सफर करने को मजबूर थे। शबरी सेतु पुल पर जमी धूल की परतों ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया था।आंदोलन उग्र होता देख पीडब्ल्यूडी के एसडीओ प्रबोध गुप्ता और गिरौदपुरी एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को 45 दिनों के भीतर सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का लिखित आश्वासन दिया था। प्रशासनिक वादे को आज दो महीने बीतने को हैं, लेकिन जमीनी

▸▸ शेष पेज 13 पर

### ग्रामीणों ने दी चक्काजाम की चेतावनी


गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग की बदहाली पर फूटा गुस्सा : चक्का जाम से थमी तीन जिलों की रफ्तार



#### इस बार होगा उग्र आंदोलन

हाल ही में ग्रामीणों की हुई एक बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि यदि शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो इस बार आंदोलन पहले से कहीं अधिक व्यापक और उग्र होगा। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि वे फिर से मुख्य मार्ग पर महाचक्का जाम करेंगे। प्रशासनिक कार्यालयों का घेराव किया जाएगा। किसी भी अप्रिय स्थिति या जन आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी विभाग और जिला प्रशासन की होगी।



### खबर संक्षेप

#### हिंदी ओलंपियाड परीक्षा में अनिमेष अंचल में प्रथम



**बगबुड़ा।** राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हिंदी ओलंपियाड की परीक्षा में अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल लाहोद के कक्षा दुसरी के छात्र अनिमेष लहरे ने स्कूल में प्रथम स्थान एवं राष्ट्रीय स्तर पर 131 वां स्थान प्राप्त कर स्कूल एवं माता-पिता के नाम रोशन किया। उनके इस उपलब्धि में उनके माता-पिता ने हर्ष जताया है। उनकी सफलता में प्राचार्य जीसी दास, क्लास टीचर कृति सैनी एवं सब्जेक्ट टीचर टाकेश्वरी साहू का विशेष योगदान रहा।

#### सहस्त्रबाहू देव मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होंगे मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल



**पलारी।** छत्तीसगढ़ कलार समाज, तहसील परिषद बलौदाबाजार द्वारा ग्राम गातापार (पलारी) स्थित नवनिर्मित भगवान श्री सहस्त्रबाहु देव मंदिर स्थल पर 26 फरवरी को सहस्त्रबाहु देव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं वार्षिक अधिवेशन एवं आदर्श विवाह का आयोजन किया जाएगा।आयोजन में मुख्य अतिथि मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के श्यामबिहारी जायसवाल शामिल होंगे। प्रमुख अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल होंगे, अध्यक्षता छत्तीसगढ़ कलार समाज तहसील परिषद बलौदाबाजार के मंडलेश्वर राजकुमार जायसवाल करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि में जिला अध्यक्ष पंचायत बलौदाबाज़ार आकांक्षा जायसवाल, जनपद अध्यक्ष पलारी सविता भीम यादव, विपिन बिहारी वर्मा, योगेश चन्द्राकर, पवन वर्मा, सरपंच अंकिता संदीप वर्मा शामिल रहेंगे। समस्त सामाजिक बंधुओं को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

#### थार वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

**महासमुंद।** ग्राम जामपाली में एक थार वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार व्यक्ति घायल हो गया। पिथौरा पुलिस ने बताया कि 17 फरवरी की शाम 4 से 5 बजे के बीच खेमराज ध्रुव पिता सुकलाल ध्रुव अपनी स्कूटी वाहन क्रमांक सीजी 06 एचई 8590 से जा रहा था। रूपा कैंटीन ग्राम जामपाली के पास सरायपाली की ओर से आ रही एक लाल रंग की थार वाहन क्रमांक डब्लूबी 08 के 3880 का चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर खेमराज ध्रुव की स्कूटी को टक्कर दिया। एक्सीडेंट में खेमराज ध्रुव के बांया पैर के जांघ, छाती, घुटने के नीचे, कंधा, सिर एवं चेहरे में चोट लगी है। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध पिथौरा थाने में धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### जिले में 424229 पुरुष एवं 413478 महिला सहित कुल 837720 मतदाता

## एसआईआर के तहत फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी के संदर्भ में शनिवार 21 फरवरी को जिला अंतर्गत फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन सभी विहित स्थानों में किया गया।

संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में सभी पदाधिकारियों को एसआईआर की गतिविधि के संबंध जानकारी दी गई तथा मतदाता सूची की प्रति दी गई।

बैठक में भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि विजय केशरवानी, इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से हितेंद्र सिंह ठाकुर, आम आदमी पार्टी से भुवनेश्वर सिंह डहरिया, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी पार्टी से सुशील बंजारे, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी सहित अन्य अधिकारी -कर्मचारी उपस्थित थे।






#### प्रारंभिक प्रकाशन की तुलना में मतदाता संख्या में वृद्धि

जानकारी के अनुसार मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन में जिला अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 43 बिलाईगढ़, क्षेत्र क्रमांक 44 कसडोल, क्षेत्र क्रमांक 45 बलौदाबाजार एवं क्षेत्र क्रमांक 46 भाटापारा के कुल 1105 मतदान केन्द्र अंतर्गत 424229 पुरुष एवं 413478 महिला सहित कुल 837720 मतदाता हैं। 8689 दिव्यांग, 13 तृतीय लिंग एवं 12806 नये माताdाता शामिल है।विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 43 बिलाईगढ़ अंतर्गत 140 मतदान केन्द्र, 48325 पुरुष एवं 46983 महिला, दिव्यांग 828, नये मतदाता 1320, तृतीय लिंग 1, क्षेत्र क्रमांक 44 कसडोल अंतर्गत 433 मतदान केन्द्र, 175533 पुरुष, 160521 महिला, 3671 दिव्यांग,3 तृतीय लिंग एवं 5823 नये मतदाता, क्षेत्र क्रमांक 45 बलौदाबाजार अंतर्गत 220 मतदान केन्द्र, 82000 पुरुष, 81332 महिला, 1752 दिव्यांग एवं 2054 नये मतदाता,क्षेत्र क्रमांक 46 भाटापारा अंतर्गत 312 मतदान केन्द्र, 118367 पुरुष,115622 महिला, 9 तृतीय लिंग, 2538 दिव्यांग एवं 3609 नये मतदाता हैं। प्रारंभिक प्रकाशन अनुसार कुल मतदाता संख्या 821443 जिसमें 416204 पुरुष एवं 405226 महिला मतदाता शामिल थे।

## कलेक्टर ने गिरौदपुरी मेले की तैयारियों का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

बाबा गुरुघासीदास के जन्मस्थली एवं तपोभूमि गिरौदपुरी धाम में 22 से 24 फ़रवरी तक आयोजित होने वाले विशाल संत समागम एवं गुरुदर्शन मेले की अंतिम तैयारी का कलेक्टर दीपक सोनी ने शनिवार को गिरौदपुरी पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने मुख्य कंट्रोल रूम में अधिकारियों की बैठक लेकर सौंपे गए दायित्वों एवं सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की और जरुरी निर्देश दिये।

■ संवेदनशीलता के साथ दायित्व निर्वहन के निर्देश

कलेक्टर सोनी ने मेले के विभिन्न पॉइंट्स पर मजिस्ट्रियल ड्यूटी में लगे अधिकारियों से कहा कि संवेदनशीलता पूर्वक अपने दायित्व निर्वहन करें श्रद्धालुओं के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार हो ताकि मेले से सुखद अनुभूति लेकर जाएं। उन्होंने सुरक्षा एवं पार्किंग व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, कंट्रोल रूम, ट्रैफिक व्यवस्था, वायरलेस सेट की व्यवस्था चिकित्सा सुविधा एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहन,साफ-सफाई, पेयजल, स्नानघर, शौचालय, दाल- भात केन्द्र आदि व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली।

बताया गया कि इस बार मेला में सुविधा में इजाफा किया गया है। दाल भात केन्द्र संचालन हेतु 220 समूहों का चयन किया गया है। 9 हेल्थ कैम्प, 10 एम्बुलेंस,250 अस्थाई टेप नल कनेक्शन, 48 पानी टैंकर, 550 सफाई कर्मचारी, 100 अस्थाई शौचालय, 16 चलित शौचालय, 55 स्नानागार,18 विद्युत ट्रांसफार्मर,10 जनरेटर, 8 अग्निशमन वाहन, 2 क्रेन एवं 80 स्थाई शौचालय की व्यवस्था रहेगी । इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या, अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, एसडीएम आरआर दुबे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

### 10वीं में हिंदी की परीक्षा देकर प्रसन्न नजर आए विद्यार्थी..



**पलारी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 20 फरवरी से प्रारंभ हो गई है। 21 फरवरी शनिवार को 10 वी की हिंदी पेपर परीक्षार्थियों ने दिलाई। इसके लिए पलारी नगर में कुल दो केंद्र स्वामी आत्मानंद स्कूल एवं सरस्वती शिशु मंदिर को बनाया गया है, जिसमें 10वीं की परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षार्थियों द्वारा हिंदी परीक्षा देने के बाद प्रसन्नचित मुद्रा में नजर आए। सरस्वती शिशु मंदिर के केंद्र अध्यक्ष उमा वर्मा ने बताया कि यहां सेजेस पलारी के सभी 221 परीक्षार्थियों ने पेपर दिलाए। वहीं स्वामी आत्मानंद स्कूल में केंद्र अध्यक्ष शिखा रानी ने बताया कि ग्राम बलोदी स्कूल, सर्वहितकारिणी कुकदा एवं सरस्वती शिशु मंदिर पलारी के कुल 155 विद्यार्थियों में से 153 ने परीक्षा दिलाई दो एब्सेंट रहे। इस प्रकार ओड़ान स्कूल के केंद्र अध्यक्ष संजू वर्मा ने बताया कि ओड़ान व दतरंगी के सभी 140 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

## रेत के अवैध उत्खनन पर कार्रवाई 6 ट्रैक्टर जब्त, 6 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

थाना कसडोल पुलिस ने अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को महानदी पुल, कसडोल के पास घेराबंदी कर रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित पकड़ा गया। मामले में आरोपियों के विरुद्ध थाना कसडोल में धारा 303(2) बीएनएस तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21(4) के तहत कुल 6 अलग-अलग आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान रेत से भरे कुल 6 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए हैं। सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया। गिरफ्तार आरोपियों में 24 वर्षीय तोष कुमार उर्फ राहुल सोनी

▸▸ शेष पेज 13 पर



#### चालकों ने स्वीकार किया नदी से रेत निकालना

पुलिस को 19 फरवरी को सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ ट्रैक्टर चालक महानदी से अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर उसका परिवहन कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में थाना कसडोल पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महानदी पुल के समीप घेराबंदी की। इस दौरान 6 ट्रैक्टर वाहनों को चालक सहित पकड़ा गया। पूछताछ में सभी चालकों ने स्वीकार किया कि वे महानदी से अवैध रूप से रेत निकालकर ट्रैक्टर के माध्यम से परिवहन कर रहे थे।

### अधिवेशन के शुभारंभ पर निकाली कलश यात्रा, शामिल हुए मंत्री टंकराम वर्मा

## छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का महाअधिवेशन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

ग्राम पंचायत चांपा में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का महाअधिवेशन का शुभारंभ पारंपरिक रीति-रिवाजों और भव्य आयोजन के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मातृ शक्तियों द्वारा महामाया मंदिर से बड़े तालाब का जल भरकर निकाली गई विशाल कलश यात्रा से हुई। कलश यात्रा गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए छत्रपति शिवाजी सभा स्थल, हायर सेकंडरी स्कूल चांपा पहुंचीं, जहां विधिवत ध्वजारोहण के साथ प्रथम सत्र का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में मंत्री टंकराम वर्मा, केंद्रीय अध्यक्ष खोड़सराम कश्यप सहित विभिन्न राज के राज प्रधानों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत माला, अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानपूर्वक किया गया।

इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। द्वितीय सत्र में बलौदाबाजार राज का वार्षिक प्रतिवेदन राज प्रधान सुनीता वर्मा एवं राज कार्यकारिणी द्वारा प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात केंद्रीय अध्यक्ष खोड़सराम कश्यप एवं केंद्रीय कार्यकारिणी ने भी वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन कर समाज की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी।

प्रथम दिवस द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आगमन हुआ। उनके साथ कसडोल विधायक संदीप साहू भी उपस्थित रहे। इस दौरान खुले मंच के माध्यम से 3 मिनट की समय सीमा में कुल 66 मिनट के

▸▸ शेष पेज 13 पर



#### अतिथियों ने शिक्षा पर दिया जोर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि उन्हें कुर्मी समाज में जन्म लेने पर गर्व है। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ऐसा धन और हथियार है, जिसे कोई छीन नहीं सकता। उन्होंने समाज से शिक्षा पर फोकस कर समाज को सशक्त बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान 9 नवविवाहित जोड़ों को मंचासीन अतिथियों द्वारा आशीर्वाद प्रदान किया गया। महाअधिवेशन के प्रथम दिवस का समापन सामाजिक एकता, शिक्षा और संगठनात्मक मजबूती के संकल्प के साथ हुआ।

## खेत में घायल मिले युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर

पुलिस थाना गिधपुरी अंतर्गत खपरी भवानीपुर के बीच में रोड के पास खेत में मोटर साइकिल सवार डायमंड ध्रुव 21 वर्ष पिता पवन ग्राम भवानीपुर निवासी घायल स्थिति में खेत में मिला। राहगीरों ने जब युवक को खेत में पड़ा देखा तो तुरंत इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजन बेटे को बेहोशी की हालत में तुरंत पलारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टर ने जांच पड़ताल के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। डायमंड के निधन की खबर सुनते ही परिवार व क्षेत्र में खलबली मच गई। माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस थाना गिधपुरी थाना प्रभारी संदीप बंजारे ने बताया कि डायमंड ध्रुव अपने माता को लेकर बैंक गया था। बैंक में माता को छोड़ने के बाद वह अकेले ही बाइक से अपने गांव भवानीपुर वापस लौट रहा था। इसी दौरान खपरी और भवानीपुर के खेत में पड़ा हुआ नजर आया। परिजन की सूचना पर तत्काल पुलिस थाना गिधपुरी की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल घायल को स्वास्थ्य केंद्र पलारी रवाना किया गया, जहां पर डॉक्टर द्वारा उन्हें मृत्यु घोषित करने के पश्चात पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस इस घटना के बारे में छानबीन कर रही है कि यह घटना कैसा घटित हुई है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी ने कहा इस घटना में कार्यवाही को लेकर टीम गठित कर दी गई है। जल्द से जल्द घटना का कारण स्पष्ट हो जाएगा।

## खबर संक्षेप



### 'अवसाद से मुक्ति की ओर' का हुआ विमोचन

**महासमुंद।** शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय के ग्रंथपाल अजय कुमार श्रीवास द्वारा लिखित पुस्तक 'अवसाद से मुक्ति की ओर' का विमोचन 21 फरवरी शनिवार को पद्म विभूषण सम्मानित सुप्रसिद्ध लोक कलाकार तीजन बाई के द्वारा गरिमामय वातावरण में किया गया। पुस्तक मानसिक तनाव एवं अवसाद से मुक्ति के लिए सकारात्मक, व्यावहारिक एवं प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्रदान करती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शीलभद्र कुमार सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने हर्ष जताया है। कार्यक्रम में तीजन बाई की बहू वेणु देशमुख का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

### जनगणना के लिए जिला मास्टर ट्रेनर बने तोषण

**महासमुंद।** गृह मंत्रालय भारत



सरकार द्वारा जनगणना का कार्य मई 2026 से मार्च 2027 तक पूरे देश में कराया जाने वाला है, जिसकी प्रारंभिक तैयारियां शुरू हो गई है। इसके लिए कलेक्टर महासमुंद द्वारा शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी को जिला मास्टर ट्रेनर बनाया गया है। ज्ञातव्य है कि गोस्वामी वर्ष 2008 से आम निर्वाचन, जनगणना, आर्थिक गणना, मतदाता सूची पुनरीक्षण, एसआईआर, सामाजिक जातिय गणना, वन अधिकार व संरक्षण, चुनाव पाठशाला आदि विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप उत्तरदायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते आ रहे हैं। उन्हें जनगणना जैसे राष्ट्रीय कार्य में पुनः जिला मास्टर ट्रेनर बनाए जाने पर संस्था के प्राचार्य जीआर सिन्हा, विमल मन्नाडे, संजय मांझी, हेमंत खुंटे, खोमन चंद्राकर, खेमलता कंवर, पूजा साहू, नोबल ध्रुव, गैंद राम साहू, अनिता साहू, ज्योति किरण चंद्राकर, कीर्तन साहू, चंद्रशेखर मिथलेश, दुर्गेश नंदिनी यदु, तुलसी राम साहू आदि ने हर्ष जताया है।

### मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर श्रमिकों का सम्मान एवं पौधारोपण



**झलप।** जिला महामंत्री भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा निर्भय नायक के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन के मौके पर श्रमिक एवं मजदूरों को फल नारियल और गमछा भेंटकर सम्मान किया गया। और ग्राम पंचायत लखनपुर में फलदार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि शम्मी सलूजा, मंडल महामंत्री कमल कौशिक, मंडल उपाध्यक्ष कुलजीत सलूजा, पूर्व सरपंच बरेकेल प्रकाश चंद्राकर, नरतोरा सोसाइटी अध्यक्ष छविंद्र पटेल, जिला महामंत्री अजा मोर्चा देवेंद्र राय सोसाइटी अध्यक्ष झलप सागर साहू, सरपंच प्रतिनिधि चोवा राम ध्रुव, जिला कार्यकारिणी सदस्य ओबीसी मोर्चा भूपेंद्र यादव, उमा शंकर यादव, देवदत्त साहू, कौशल साहू, भानु साहू, देवेंद्र साहू, संतराम ध्रुवशी, यादराम धीवर, टिकेश यादव, योगेंद्र ध्रुव आदि उपस्थित थे।

### सीएम के जन्मदिन पर काटा केक, किया पौधारोपण



**महासमुंद।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन पर इमलीभाठा वार्ड नंबर 2 राधा-कृष्ण मंदिर के पास भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन पटेल, ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष माखन पटेल, ओबीसी मोर्चा के आईटी सेल जिला प्रभारी योगेश कश्यप, जिला कार्यकारिणी सदस्य देवचंद्र कहार, पूर्व पार्षद प्रभा साहू, पूर्व पार्षद दिनेश बेहरा, पार्टी के कार्यकर्ता एवं मोहल्लेवासियों की उपस्थिति में केक काटा गया। पश्चात इमलीभाठा के मुक्तिधाम के पास पीपल पौधा का रोपित किया गया।

### मुख्यमंत्री साय के जन्मदिन पर स्वास्थ्य केंद्र में बांटे फल



**झलप।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन पर भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रहास गोलू चंद्राकर के नेतृत्व में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में फल वितरण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेश शुक्ला, भाजपा मंडल महामंत्री, सरपंच राकेश साहू, विधायक प्रतिनिधि बलीराम चौधरी, कमल कौशिक, शिव सिन्हा, डोमन यादव, रामेश्वर गब्बर साहू, ताराचंद पटेल, किसान मोर्चा अध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर, पोतदार सोनवानी, जगदीश चौहान, संतोष पंडा, चैतराम पटेल, महिला मोर्चा अध्यक्ष लता ध्रुव, नारायण दीवान, तुकाराम कोसरे, पुरषोत्तम साहू, मोरध्वज चंद्राकर, टिकेश यादव समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**योजना:** विभिन्न पेंशन एवं कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन

# सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जरूरतमंद हितग्राहियों को मिल रहा नियमित लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में सामाजिक न्याय एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन एवं कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए समाज के कमजोर, वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों को नियमित रूप से आर्थिक एवं सामाजिक सहायता प्रदान की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी सोच एवं सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास, मूल मंत्र के अनुरूप तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में इन योजनाओं का सफल संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से वृद्धजनों, विधवाओं, दिव्यांगजनों एवं आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

जिले में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत वर्तमान में कुल 33, 305 हितग्राहियों को पेंशन का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इसी प्रकार इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के अंतर्गत 9, 615 विधवाओं को नियमित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, जबकि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के तहत 967 दिव्यांगजन लाभान्वित हो रहे हैं। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के माध्यम से 24, 474 पात्र हितग्राहियों को लाभ दिया जा रहा है। सुखद सहारा योजना के अंतर्गत 9, 186 हितग्राहियों को सहायता प्रदान की जा रही है। वहीं मुख्यमंत्री पेंशन योजना के अंतर्गत 20, 053 लाभार्थियों को नियमित रूप से पेंशन राशि का भुगतान किया जा रहा है।



शिक्षा एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए संचालित योजनाओं में दिव्यांगजन छात्रवृत्ति योजना के तहत वर्ष 2025-26 में 576 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। उच्च शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में 20 विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता दी गई। दिव्यांगजनों के सामाजिक पुनर्वास एवं प्रोत्साहन के लिए संचालित दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत वर्ष वर्ष 2025-26 में अब तक 6 हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। इसी प्रकार राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में 76 पात्र परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। वहीं दिव्यांगजनों की कार्यक्षमता एवं जीवन स्तर में सुधार हेतु कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण योजना के अंतर्गत वर्ष वर्ष 2025-26 में 941 हितग्राहियों को आवश्यक उपकरण वितरित किए गए। समस्त योजनाओं का क्रियान्वयन शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ किया जा रहा है। विभाग द्वारा सतत निगरानी एवं समीक्षा के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ प्राप्त हो। इन योजनाओं के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने के साथ ही समाज के कमजोर वर्गों को सम्मानजनक एवं सुरक्षित जीवन प्रदान करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है।

## सिकासेर नहर परियोजना झलप तक विस्तारीकरण सर्वेक्षण की प्रशासकीय स्वीकृति : हितेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सिकासेर जलाशय से कोडार जलाशय लिंक परियोजना का नहर विस्तारीकरण अब झलप क्षेत्र तक करने के लिए राज्य सरकार द्वारा सर्वेक्षण कार्य के लिए 287.51 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। सिकासेर नहर परियोजना के सूत्रधार आंदोलन नेतृत्वकर्ता भाजपा के किसान नेता हितेश चंद्राकर ने कहा कि सिकासेर के अतिरिक्त पानी जो भारी मात्रा में व्यर्थ बह जाता है, प्रस्तावित कोडार लिंक नहर परियोजना को विस्तारीकरण कर सूखा व अकाल ग्रस्त बागबाहरा एवं झलप, पटेवा क्षेत्र तक ले जाने की मांग को लेकर झलप क्षेत्र के सैकड़ों गांवों में पुनः बैठक कर किसानों की मांग को उठाया था उन्होंने कहा की कोडार जलाशय को भरने 2 अक्टूबर 2016 से ग्राम कौंवाझर से आंदोलन की शुरुआत की थी। जिसके परिणाम स्वरूप 2017-18 के बजट में नया रायपुर के पेयजल के लिए अपर सिकासेर जलाशय निर्माण प्रस्तावित डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में हुआ। जिसमें किसानों की आंदोलन एवं मांग के चलते एक नहर चरोदा एवं कोडार जलाशय को भरने भी प्रस्तावित हुआ था।



जिसका विस्तार करते हुए बागबाहरा एवं महासमुंद ब्लॉक के झलप क्षेत्र तक लाने 5 अक्टूबर 2019 से ग्राम लखनपुर में किसानों ने बैठक की शुरुआत कर लगातार सैकड़ों गांव में बैठक कर किसानों की मांग को शासन प्रशासन तक पहुंचा था। उन्होंने बताया कि विस्तारीकरण से बागबाहरा क्षेत्र के सैकड़ों गांव महासमुंद क्षेत्र के सूखाग्रस्त झलप, पटेवा एवं पिथौरा ब्लाक के जोंक नदी के ऊपरी हिस्सा तक सैकड़ों गांव को सिंचित किया जा सकेगा, जिससे अब किसानों की खेत बिकने से रुकेगा एवं हजारों हजारों किसानों के पलायन को भी रोक लगेगी और क्षेत्र में समृद्धि आएगी।

### चिरायु योजना से मासूम लोकेश्वर को मिला नया जीवन, निःशुल्क ओपन हार्ट सर्जरी सफल





**पिथौरा (ग्रामीण)।** पिथौरा विकासखंड में चिरायु दल द्वारा स्कूलों एवं आंगनबाड़ियों में किए गए बच्चों के नियमित स्वास्थ्य जांच में ग्राम छिबर्रा में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान लोकेश्वर निर्मलकर जन्मजात गंभीर हृदय रोग से पीड़ित मिला। गौरतलब है कि बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए दल ने सर्जरी को लेकर परिजनों के मन से भय और चिंता को सहयोग और समझाइश दी। रायपुर स्थित हॉस्पिटल में ऑपरेशन के पश्चात सात दिनों तक विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में बच्चे का उपचार जारी रहा।

### दो को दहन, 4 को खेली जाएगी होली

**महासमुंद।** मार्च माह 2026 में मनाए जाने वाले प्रमुख पर्वों की तिथियों का विवरण जारी कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार, 02 मार्च 2026 को होलिका दहन किया जाएगा। होलिका दहन का शुभ मुहूर्त रात्रि 1:26 बजे से 2:38 बजे तक रहेगा। वहीं बुधवार, 04 मार्च 2026 को होली (धुलेडी) का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उक्त जानकारी श्री सत्यनारायण मंदिर खट्टी के पुजारी पंडित सुभाष शर्मा ने दी है।

### रायमुड़ा में तीन दिवसीय श्रीराम कथा में शरीक हुए तुषार

**महासमुंद।** ग्राम रायमुड़ा में आयोजित तीन दिवसीय श्रीराम कथा के समापन कार्यक्रम में राष्ट्रीय तेलीकर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। तुषार साहू ने राम कथा का आयोजन एक अत्यंत पावन धार्मिक कार्यक्रम है, जो समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा, नैतिकता और एकता का संचार करता है। यह आयोजन आमतौर पर भव्य ध्वज यात्रा, संगीतमय भजनों, और संतों के प्रवचनों के माध्यम से किया जाता है, जिसमें रामचरितमानस या वाल्मीकि रामायण के माध्यम से राम के आदर्श जीवन की सीख दी जाती है। कथा का उद्देश्य मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जीवन (जन्म से राज्याभिषेक तक) के माध्यम से बुराई पर अच्छाई और धर्म की स्थापना का संदेश देना है। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि गैंद राम कागजी, सेवा राम, कर्मा सेना झलप मंडल अध्यक्ष योगेश, कर्मा सेना पटेवा मंडल अध्यक्ष, रुमेश साहू, कोषाध्यक्ष भोग प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष अजय साहू, टीकम, नारायण, कुशल आदि मौजूद रहे।

## छात्रों को तनाव प्रबंधन, ध्यान एवं सकारात्मक सोच के लिए परामर्श देने हेल्पलाइन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनएमएचपी) के अंतर्गत विद्यार्थियों में परीक्षा के समय बढ़ते मानसिक तनाव, चिंता एवं अवसाद की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए 24×7 टेली-मानस हेल्पलाइन 14416 प्रारंभ की गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव ने बताया कि परीक्षा के समय मानसिक दबाव सामान्य है, परंतु समय पर उचित मार्गदर्शन मिलने से इसे प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि किसी भी प्रकार की चिंता, घबराहट या अवसाद की स्थिति में 14416 पर तुरंत संपर्क करें और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें। जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू घृतलहरे ने सुझाव दिया कि विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर नियमित काउंसलिंग सत्र, योग एवं ध्यान कार्यक्रम तथा सकारात्मक संवाद का वातावरण बनाया जाना चाहिए, जिससे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़े और वे परीक्षा को सहज रूप से ले सकें। जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. सीपी चंद्राकर ने जानकारी दी कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के स्पर्श क्लिनिक में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध है। यहाँ प्रशिक्षित मनोवैज्ञानिक एवं मनोसामाजिक कार्यकर्ता द्वारा विद्यार्थियों को व्यक्तिगत एवं समूह परामर्श प्रदान किया जाता है।

स्पर्श क्लिनिक में कार्यरत टीम सदस्य राम गोपाल खुंटे (मनोसामाजिक कार्यकर्ता), टेकेश्वरी गोस्वामी (क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट), खोमन लाल साहू (साइकियाट्रिक नर्सिंग ऑफिसर), जागृति साहू (स्टाफ नर्स), टेकलाल नायक एमई, देवकुमार डडसेना (योग प्रशिक्षक) द्वारा नियमित रूप से विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, ध्यान, प्राणायाम एवं सकारात्मक सोच के अभ्यास कराए जा रहे हैं।

## खैरटखुर्द स्कूल में हुई टीएलएम निर्माण प्रशिक्षण प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- शिक्षकों ने उत्साह पूर्वक लिया हिस्सा
- अपने नवाचारी शिक्षण माडल प्रस्तुत किए
- विजेताओं को किया गया पुरस्कृत



शिक्षा को रोचक, प्रभावी एवं बाल केंद्रित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ख़ैरटखुर्द विकासखंड बागबाहरा में 20 फरवरी को टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मटेरियल) निर्माण प्रशिक्षण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम संकुल प्राचार्य पुरुषोत्तम चंद्राकर के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक मोहिंदर पांडे ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि टीएलएम के माध्यम से कठिन विषयों को भी सरल, सहज और आकर्षक बनाया जा सकता है, जिससे बच्चों की सीखने की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। प्रतियोगिता में माध्यमिक विभाग से आत्माराम दीवान (मिडिल स्कूल मोखा), श्रद्धा पांडेय (मिडिल स्कूल ख़ैरटखुर्द) एवं डीलेश्वर राव सिंधिया (मिडिल स्कूल भटगांव) ने सहभागिता की। वहीं प्राथमिक विभाग से भूखन लाल टांडे (प्राथमिक शाला भटगांव), सरस्वती कोसरिया (प्राथमिक शाला नवाडीह), ललित कुमार साहू (प्राथमिक शाला ख़ैरटखुर्द), परसराम ठाकुर (प्राथमिक शाला भालूचुंवा) एवं रहमान भाई (प्राथमिक शाला मोखा) ने उत्साहपूर्वक अपने नवाचारी शिक्षण मॉडल प्रस्तुत किए।

प्रतिभागियों द्वारा गणित, विज्ञान, भाषा एवं सामाजिक विज्ञान विषयों पर आधारित आकर्षक एवं उपयोगी शिक्षण सामग्री तैयार की गई, जिसमें स्थानीय संसाधनों के रचनात्मक उपयोग ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। मूल्यांकन कार्य ईश्वर लाल पांडे (व्याख्याता), उदय राज सिंह धुर्वा (व्याख्याता), तनूजा चंद्राकर (व्याख्याता) एवं प्रीति चंद्रवंशी (विज्ञान सहायक) हॉयर सेकंडरी स्कूल खैरटखुर्द द्वारा निष्पक्ष रूप से किया गया।

प्राथमिक विभाग में प्रथम स्थान परसराम ठाकुर (प्राथमिक शाला भालूचुंवा) ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान ललित कुमार साहू (प्राथमिक शाला ख़ैरटखुर्द) को मिला। माध्यमिक विभाग में प्रथम श्रद्धा पांडेय (मिडिल स्कूल ख़ैरटखुर्द) एवं द्वितीय डिलेश्वर राव सिंधिया (मिडिल स्कूल भटगांव) रहे। सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रयासों एवं नवाचार के लिए प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों में यमुना ध्रुव, ललिता कमार, सीमा पांडेय, खुगेश्वर साहू एवं भगत दास शामिल रहे। यह जानकारी शिक्षक भगत दास ने दी है।

## चुनिंदा फर्मों से ही एफआरके खरीदी की अनिवार्यता के कारण राइस मिलरों की बढ़ी लागत : रमेश साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

फोर्टिफाइड राइस कर्नेल (एफआरके) की खरीदी को लेकर लागू नई व्यवस्था से जिले के राइस मिलरों में असंतोष व्याप्त है। भाजपा के वरिष्ठ नेता, पिटियाझर सोसायटी अध्यक्ष एवं राइस मिलर रमेश साहू ने कहा है कि चुनिंदा फर्मों से ही एफआरके खरीदी की अनिवार्यता के कारण मिलरों की लागत बढ़ गई है और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।



पूर्व में मिलर अपनी सुविधा अनुसार खुले बाजार से प्रतिस्पर्धात्मक दर पर एफआरके खरीद लेते थे, जिससे लागत संतुलित रहती थी। वर्तमान में बाजार में एफआरके लगभग 40 रुपये प्रति किलो उपलब्ध है। जबकि, अधिकृत आपूर्तिकर्ता 60 रुपए प्रति किलो की दर से उपलब्ध करा रहे हैं। इससे मिलरों को डेढ़ गुना अधिक राशि का भुगतान करना पड़ रहा है। साहू ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कुपोषण से लड़ने के उद्देश्य से फोर्टिफाइड चावल योजना शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि मांग के अनुरूप समय पर एफआरके उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिससे मिलिंग कार्य और समयबद्ध आपूर्ति में कठिनाई हो रही है। रमेश ने शासन से मांग की है कि एफआरके का वास्तविक एवं तार्किक दर निर्धारण किया जाए तथा पर्याप्त मात्रा में नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि योजना का लाभ हितग्राहियों तक सुचारू रूप से पहुंच सके और राइस मिलरों पर अनावश्यक आर्थिक भार न पड़े।

### व्यवसायी महासंघ के अध्यक्ष रहे ललित सुशील जैन के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक लहर

**सरायपाली।** नगर के वरिष्ठ व्यवसायी, व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष व स्थानीय जैन समाज के अध्यक्ष ललित सुशील जैन (63) वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वे सुरेश जैन के भाई तथा निनिष जैन के पिता थे। स्थानीय मुक्तिधाम में विधि विधान से उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निवास स्थान जैन कॉलोनी से अंतिम यात्रा निकली, जिसमें शहर व क्षेत्र वासियों के साथ-साथ बाहर से भी अनेक लोगों ने शामिल होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किए।

## राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा आज, 2585 होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 का आयोजन 22 फरवरी 2026 को किया गया है। परीक्षा के आयोजन के लिए जिला में 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 2585 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली का समय अपरान्ह 3 बजे से 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पश्चात उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर नहीं मिलेगा। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पहले परीक्षा केंद्र के समस्त प्रवेश द्वार बंद कर दिये जाएंगे।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर के निर्देशानुसार परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्ष में किसी भी अधिकारी एवं परीक्षार्थी को मोबाइल सेल फोन या अन्य किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक सामग्री के साथ प्रवेश करना प्रतिबंधित है। परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थी को अपने साथ फोटो युक्त प्रवेश पत्र एवं मूल पहचान पत्र साथ लेकर आना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों को जूते अथवा मोटे सोल या ऊंची हील वाले फुटवियर पहनने की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थी केवल पतले सोल वाली चप्पलें अथवा स्लीपर पहन सकते हैं। अभ्यर्थियों को नजर के चश्मों के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार के चश्में, गॉगल्स, गूगल, मेटा या अन्य डिजिटल ग्लासेस, चश्मे पहनने की अनुमति नहीं होगी। ऐसे दिव्यांग अथवा बीमार अभ्यर्थी जिन्हें चिकित्सकीय कारणों से जूते अथवा उपकरण धारण करने की आवश्यकता हो उन्हें गहन जांच के अधीन जूते अथवा उपकरण धारण करने की अनुमति होगी। अभ्यर्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहन कर परीक्षा केंद्र में प्रवेश ले सकते हैं। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी रंग एवं गहरे चाकलेटी रंग के कपड़े पहनना वर्जित होगा। अभ्यर्थी कार्गो एवं डिजाईनर कपड़े पहन कर परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे। सामान्य जींस पैंट एवं अन्य पैंट पहनने की अनुमति होगी। महिला अभ्यर्थी सलवार-कुर्ती तथा चुनरी तथा चुनरी (दुपट्टा) पहन सकेंगे, लेकिन कुर्ती की बांह छोटी (आधी) होनी चाहिए। साड़ी के साथ पहने जाने वाली ब्लाउज की बांह आधी होनी चाहिये। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। धर्म व रिवाजों के अनुसार अत्यंत आवश्यक आभूषण एवं प्रतीक चिन्हों छोड़कर अन्य आभूषण व प्रतीक धारण करने की अनुमति अभ्यर्थियों को नहीं होगी। विवाहित महिला अभ्यर्थियों को एक नोज पिन तथा एक मंगलसूत्र धारण करने की अनुमति होगी। उक्तानुसार किसी भी आभूषण व प्रतीक के धारण किए जाने की अनुमति गहन जांच के अधीन दी जाएगी। सभी अभ्यर्थियों के लिए प्रत्येक पाली में परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा, जिससे उनकी मेटल डिटेक्टर व मैनुअल तलाशी व फिस्किंग, मूल पहचान पत्र के साथ उनके प्रवेश पत्र का सत्यापन तथा उनके चेहरे के मिलान का कार्य किया जा सके।

## खबर संक्षेप

### एक्सीडेंट में मिनी ट्रक चालक घायल

**महासमुंद।** तुमगांव में करणी कृपा पावर प्लांट के पास एक टमाटर से लोड मिनी ट्रक रोड किनारे खड़ी वाहन से टकरा गई। घटना में मिनी ट्रक के चालक को गंभीर चोटें आई। पुलिस ने बताया कि सुनील कुमार मेहेर रायपुर से अपनी मिनी ट्रक क्रमांक ओडी 17 एए 5471 में टमाटर लोड कर कटक (ओडिशा) जा रहे था। सुबह करीबन 4 बजे एनएच 53 रोड करणी कृपा पावर प्लांट तुमगांव के पास बिना इंडीकेटर व संकेतक दिए लापरवाही पूर्वक खड़े मिनी ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 08 एल 3803 से टकरा गई। घटना में सुनील कुमार मेहेर के दांये पैर, पेट में गंभीर चोटें आई। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 285 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### युवक से मारपीट

**महासमुंद।** युवक से मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस को कंचन थापा ने बताया कि उसे उसके भाई समीर ने सूचना दी कि बड़े भाई सन्नी थापा के साथ पास में रहने वाले लोकेश कामडे ने मारपीट किया है। जब वह अपने बड़े भाई सन्नी को देखने आई तब समीर ने बताया कि 10 फरवरी की रात करीब 09 बजे सन्नी थापा, लोकेश कामडे के घर के बाहर टहल रहा था और लोकेश के पिता उदयभान को शराब पिलाने के लिये बोला, इसी बात को लेकर बहस हो रही थी, तभी उदयभान का लड़का लोकेश कामडे डंडा लेकर आया और गाली गलौज करते हुए सन्नी थापा को सिर में मारकर चोट पहुंचाया। जिसे जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया, जहां से उसे रायपुर रेफर कर दिया गया है।

### शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वालों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने ग्राम बड़ेसाजापाली में लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहे दो लोगों के विरूद्ध कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बडेसाजापाली का माखन सेन पिता नारायण सेन (32 साल) अपने घर के पास और कुमार सिंह सिदार पिता डोकरी सिदार (50 साल) अपने दुकान में लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहा था। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 36 (सी) के तहत कार्रवाई की गई।

## निधन

### मुन्ना कन्नौजे



**बलौदाबाजार।** शहर के पुरानी बस्ती ठाकुर देव चौक निवासी सेवानिवृत्त पटवारी मुन्ना कन्नौजे 74 वर्ष का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रायपुर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें समाजजन सहित शहरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे भरत, किशन, मन्नू कन्नौजे के बडे भाई तथा मनोज, भूपेन्द्र कन्नौजे के पिता थे।

### जगेशर ध्रुव



**पलारी।** ग्राम पंचायत बांसबिनौरी के नागरिक जगेशर ध्रुव 94 वर्ष ग्राम पटेल का देहावसान हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। वे संतराम, चैतराम व ठाकुरराम ध्रुव के पिता थे।

# ई-केवायसी के नाम पर काट दिए गए राशन, दाने-दाने को तरस रहे उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में ई-केवायसी के नाम पर हजारों उपभोक्ताओं के राशन काट दिए गए हैं। राशन दुकानों में बीते तीन-चार माह से यही हाल है। राशन नहीं मिलने से दुकानों के सेल्समैन व उपभोक्ताओं के बीच तानातनी की स्थिति बन रही है। इधर, राशन नहीं मिलने से उपभोक्ता दाने-दाने को तरस रहे हैं।

जानकारी के अनुसार शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में राशन कार्ड की ई-केवाईसी कराया गया था। इसे न कराने या आधार से लिंक न होने पर बहुत से लोगों के राशन कार्ड से नाम काटे गए थे। सरकार द्वारा नकली और अपात्र लाभार्थियों को हटाने के लिए यह प्रक्रिया अपनाई थी। किंतु, इसमें ऐसे हजारों उपभोक्ता है, जो अपना ई-केवायसी पूरा कर लिया था। और पात्र भी दर्शाया गया है। इसके बावजूद राशन नहीं मिलने से इन उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई। बीते तीन-चार माह से इन उपभोक्ताओं को राशन नहीं मिल रहा है।

### दुकानों में बीते तीन-चार माह से यही हाल, उपभोक्ताओं व सेल्समैन में तानातनी की स्थिति

#### दुकान संचालन में हो रही परेशानी

जानकारी के अनुसार शासकीय उचित मूल्य दुकानों के सेल्समैनों ने बताया कि ई-केवायसी के नाम पर वंचित ऐसे उपभोक्ताओं के साथ राशन को लेकर रोज कहा-सुनी हो रही है। उपभोक्ता हम पर चावल रखने का आरोप लगा रहे हैं। वहीं अधिकारियों से पूछे जाने पर विभाग से नाम काटने का हवाला दिया जा रहा है। यह स्थिति रही तो राशन दुकान संचालन करने में बहुत परेशानी होगी।




#### समय पर दुकानों में नहीं पहुंच रहे राशन

सूत्रों के अनुसार जिले में संचालित अधिकांश राशन दुकानों में चावल का भंडारण नहीं हो पाया है। जिसके कारण उपभोक्ताओं को राशन वितरण करने में परेशानी हो रही है। चावल, शक्कर, नमक का वितरण किया जाता है। कभी चावल पहुंता तो शक्कर नहीं मिलता है। शक्कर मिलता है तो नमक समेत अन्य सामग्री समय पर नहीं मिल रही है। जिसके चलते उपभोक्ताओं को सामग्री वितरण करने विलंब होता है।

## आयोजन : मलौद में हुआ धीवर समाज रायखेड़ा का सामाजिक सम्मेलन

# धीवर समाज से चुने गए जनप्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा





धीवर समाज रायखेड़ा परिक्षेत्र का जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह एवं सामाजिक सम्मेलन ग्राम मलौद में हुआ। इसमें धीवर समाज से निर्वाचित पंचों, सरपंचों एवं उपसरपंचों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं समाज हित में तीन प्रमुख व सराहनीय नियम सर्वसम्मति से पारित किया गया।

परिक्षेत्र के अध्यक्ष अशोक धीवर जलक्षत्री ने बताया कि बड़ा धुमाल व डीजे लगाने पर हमारे परिक्षेत्र में पूर्ण प्रतिबंध लगाया जा रहा है। क्योंकि अधिकतर झगड़े का मूल कारण यही होते हैं। वहीं महिलाओं का चौक चौराहों या गलियों में नाचने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। बाहर में महिलाओं का नाचना अशोभनीय एवं अभद्रता है। कभी-कभी लड़के लोग भी महिलाओं के साथ नाचने लगते हैं जो कि झगड़े बढ़ने का कारण बनता है। समाज के लोगों में शराब सेवन की लत इस कदर पड़ गई है कि लोग अंत्येष्टि जैसे दुःखद कार्यक्रमों में भी शराब पीकर जाने लगे हैं, इस पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

लगभग 61 गांवों इस के परिक्षेत्र में पूर्ण बहुमत से उक्त नियम पारित हुआ। जिसकी सराहना धीवर समाज के साथ-साथ अन्य समाज के लोग भी कर रहे हैं। मुख्य अतिथि ग्राम मलौद के सरपंच शारदा देवांगन, उप सरपंच जनार्दन वर्मा, ग्रामसभाध्यक्ष डॉ. प्रदीप वर्मा, पूर्व सरपंच भोलाराम वर्मा सहित विभिन्न परिक्षेत्रों के पदाधिकारी जैसे लवन राज अध्यक्ष मोतीराम फेकर, लालपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष जनकू राम धीवर, मांढर परिक्षेत्र अध्यक्ष नरेन्द्र धीवर, कोरासी परिक्षेत्र के महिला अध्यक्ष उषा धीवर एवं तरेंगा राज के सचिव दुलरवा धीवर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सद्भावना संदेश पदयात्रा लवन पहुंची



**लवन/पलारी ।** रायपुर से गिरौदपुरी धाम तक आयोजित विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा 21 फरवरी को चतुर्थ दिवस नगर पलारी से होकर ग्राम बिनौरी, अमेरा, कंजी, डोटोपार, लाहोद, मुंडा, ढनढनी होते हुए लवन पहुंची, जहां सतनामी समाज, सर्व समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों, सदस्यों एवं ग्रामवासियों ने पुष्पवर्षा कर आत्मीय अभिनंदन किया। कार्यक्रम प्रभारी धर्मेन्द्र खूंटे, बनवारी बार्वे सतनामी समाज के अध्यक्ष हिनछाराम अनंत, समाज के सैकड़ों लोगों ने मंच में स्वागत किया। यह यात्रा कल 22 फरवरी को लवन से निकल कर कसडोल, छरछेद, छांछी, सेल, कटगी, मड़वा होते हुए गिरौदपुरी धाम में समापन होगी। इस पद यात्रा में गुरु खुशवंत साहेब के साथ डॉ. सनम जांगड़े एवं विभा अवस्थी शामिल हुईं। सद्भावना पदयात्रा का डंनडनी के पास धर्मेंद्र खुंटे के नेतृत्व में सतनामी समाज के सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता स्वागत किये, जिसमें सरपंच दुकालू राम बंजारे, देवान, जितेंद्र खुंटे, राजेश घृतलहरे, अनिल कुटे, अमर दास बर्मन, खेदूराम खुटे, अवतार कुर्रे, मुख्तारन बघेल विकास बांधे हैं। इसके पहले लवन नगर में भाजपा मंडल द्वारा सद्भावना पदयात्रा का स्वागत किया गया, जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष शिवमंगल सिंह चौहान, उपाध्यक्ष नरेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेयी एवं पाषर्दगढ़ सहित नगर वासी शामिल हुए।

# महाविद्यालय में हुआ वार्षिकोत्सव और प्रतिभा सम्मान समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



स्व. रामप्रसाद देवांगन महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. शंपा चौबे, प्राचार्य, डॉ. मधुलिका अग्रवाल, सेवानिवृत्त प्राचार्य बीरगांव महाविद्यालय, ईश्वरी प्रसाद देवांगन, रामचरण देवांगन, हरीश देवांगन, के एस चौबे आदि अतिथियों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम का आरंभ राजगीत पश्चात समस्त अतिथियों को पुष्प पौधा भेंट कर अभिनंदन किया गया। प्राचार्य डॉ. शंपा चौबे ने महाविद्यालय की वार्षिक उपलब्धि को मंचस्थ अतिथियों के समक्ष रखा और कहा कि एन ई पी 2020 की भूमिका विकसित भारत में अहम होगी। महाविद्यालय का सेक्टर लेवल खेल में भाग लेना, एन सी सी हेतु प्रयास, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, कारगिल दिवस, संविधान दिवस, महाविद्यालय में आयोजित करियर काउंसलिंग, ड्रोन बनाने के लिए विंग्स ऑफ टुमारो आदि कार्यक्रमों से अवगत करायीं । तथा एन आई सी 2025 में महाविद्यालय की छात्रा अरीबा अली ने रायपुर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। एक पेड़ मां के नाम, गुरु पूर्णिमा, व्यास पूजा, सैनिकों के लिए आयोजित रक्षा दिवस के संबंध में जानकारी दी।

कार्यक्रम में ईश्वरी देवांगन ने विद्यार्थियों को मेहनत करने प्रेरित किया तथा विद्यार्थियों के पढ़ाई हेतु आर्थिक एवं अन्य किसी भी प्रकार के सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहने की बात कही। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में स्नातक बीए अंतिम वर्ष में प्रथम टोनी गायकवाड़, वाणिज्य अंतिम वर्ष में प्रथम तुकेश्वरी देवांगन और विज्ञान अंतिम वर्ष में प्रथम ज्योति देवांगन को मुख्य अतिथि के करकमलों से प्रशस्ति पत्र, मेडल और 2500/- रुपये सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। तिलक देवांगन को महाविद्यालय का श्रेष्ठ विद्यार्थी का पुरस्कार प्रदान किया गया।

वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं क्रीड़ा उत्सव के अंतर्गत केश सज्जा, सलाद सज्जा, मेहंदी, रंगोली, प्रश्न मंच, फैंसी ड्रेस, कविता पाठ, अल्पना, सांस्कृतिक कार्यक्रम, 100 मी. दौड़ बालक, बालिका, स्लो साइकलिंग, शतरंज, कैरम, रस्सा-कस्सी, क्रिकेट आदि विविध गतिविधियों में भाग लेकर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन कर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और मेडल से सम्मानित किया गया।

# गिरौदपुरी मेले में फिर सेवा देंगे डॉ. मनहरे तीन दिन मेला स्थल पर रहेगी टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ की पावन धरती पर स्थित गिरौदपुरी धाम में लगने वाले ऐतिहासिक मेले में पिछले 5 वर्षों से निरंतर निःशुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान कर रहे समर्पित समाजसेवी चिकित्सक डॉ. राज मनहरे एक बार फिर इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की सेवा हेतु तैयार हैं। डॉ. राज मनहरे इस वर्ष भी 22, 23 एवं 24 फरवरी को अपनी टीम के साथ मेले में उपस्थित रहेंगे।

डॉ. मनहरे का कहना है कि सेवा ही सच्चा धर्म है। समाज ने मुझे जो सम्मान और पहचान दी है, उसी का ऋण उतारने का यह एक छोटा सा प्रयास है। पिछले पांच वर्षों में हजारों श्रद्धालुओं को लाभान्वित कर चुके इस सेवा अभियान को समाज में विशेष सराहना मिली है। विशेष रूप से दूर-दराज़ से आने वाले बुजुर्ग, महिलाएं एवं बच्चे इस चिकित्सा सेवा से अत्यधिक लाभान्वित होते हैं।

डॉ. राज मनहरे – एक ऐसा नाम, जो चिकित्सा सेवा के साथ सामाजिक समर्पण का प्रतीक बन चुका है। गिरौदपुरी मेले में उनकी यह निरंतर सेवा समाज के प्रति उनके दायित्व और समर्पण को दर्शाती है। सतनामी समाज एवं स्थानीय नागरिकों ने उनके इस प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा की है।

# हथियार लहरा रहे दो युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** धारदार हथियार लहराकर लोगों को डराने के दो मामलों में आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि पूरण साहू उर्फ मोनू संजय गार्डन के सामने मेन रोड महासमुंद में एक धारदार चाकू को लहरा कर आने जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा है जिसे घेराबंदी कर पकडा गया। तलाशी के दौरान आरोपी पूरण साहू उर्फ मोनू पिता संतोष साहू (19 वर्ष) वार्ड नं 05 नयापारा महासमुंद के कब्जे से एक चाकू बरामद किया गया।

# यादव समाज का सामूहिक विवाह व युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज पंजीयन क्र. 5066 रायपुर से सबद्ध महानगर इकाई एवं जिला तथा महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में 22 फरवरी को एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। समाज के प्रदेश सचिव एवं शहर जिला अध्यक्ष सुन्दर लाल यादव ने प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि कार्यक्रम महादेव घाट रायपुरा, रायपुर स्थित सामाजिक भवन में प्रातः 11 बजे से होगा।

श्री यादव ने बताया कि कार्यक्रम दो सत्र में आयोजित किया जाएगा। प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव तथा द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव करेंगे।

### इस वर्ष 21 जोड़ों का आदर्श विवाह कराने का लक्ष्य रखा गया है

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सामाजिक सम्मेलन, सामाजिक विभूतियों तथा मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 21 जोड़ों का आदर्श विवाह कराने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान सभी जोड़ों के विवाह का खर्च समाज द्वारा वहन किया जाएगा। श्री यादव ने बताया कि विवाह योग्य वर-वधू की तलाश में परिवार जनों के समय व धन दोनों ही खर्च होता है। इसे बचाने और समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों को एक ही मंच पर लाकर उन्हें परिचय देने का अवसर दिया जाएगा। इससे अपने लडक़े या लडक़ी के अनुरूप युवक या युवती के परिचय देने पर कार्यक्रम स्थल पर ही उनके परिजनों को साथ बैठाकर आपस में चर्चा कराने की व्यवस्था भी की जा रही है। इससे उन्हें आगे भी मुलाकात कर चर्चा को आगे बढ़ाने और रिश्तेदारी में बदलने में आसानी होगी।

इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, महापौर मीनल चौबे, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव तथा बाल संरक्षण आयोग छत्तीसगढ़ की सदस्य एवं समाज की महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष आशा-संतोष यादव उपस्थित रहेंगे। श्री यादव ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेशभर के प्रबंधनकारिणी सदस्य, जिला, ब्लॉक परिक्षेत्र महानगर एवं समाज के आजीवन सदस्यों के साथ ही समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

पत्रकार वार्ता में समाज के संरक्षक घुरऊराम यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शत्रुधन यादव, कार्यकारी अध्यक्ष प्रीतम यादव, सचिव बैशाखू राम यादव, कोषाध्यक्ष मतवारी यादव, संयुक्त सचिव नरेश यादव, न्याय प्रकोष्ठ अध्यक्ष परदेशी यादव, लेखापाल रामस्वरूप यादव एवं मीडिया प्रभारी शशिकांत यादव उपस्थित थे।

# आठ पंचायतों में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार





अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के रावन इकाई सीएसआर विभाग द्वारा ग्राम पंचायत रावन, गुमा, सरसेनी, चुचरुंगपुर, पड़कीडीह, खपराडीह, रवेली एवं पेड्री के स्वच्छता समूहों को स्वच्छता उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम संयंत्र प्रमुख राजेश कुमार एवं मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में हुआ।इस अवसर पर स्वच्छता समूह की सदस्यों को कचरा संग्रहण हेतु कचरा गाड़ी, झाड़, बेलचा, दस्ताने, मास्क, सेफ्टी चश्मा, सेफ्टी हेलमेट, प्रोटेक्टिव कपड़े, गम बूट, हैंडवॉश, घमेला तथा रिफ्लेक्टिव जैकेट सहित विभिन्न स्वच्छता सामग्री प्रदान की गई। इन उपकरणों से गांवों में नियमित साफ-सफाई, कचरा पृथक्करण एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में सहायता मिलेगी।

जनप्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे ग्राम स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव ने स्वच्छता समूह के सदस्यों को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त गांव की अवधारणा तथा अपशिष्ट प्रबंधन के माध्यम से आय सृजन की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर अधिकारी ज्योत्सना पति एवं उनकी टीम के सदस्य जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, ताराचंद वर्मा, सुनीता निषाद, साहिल बंदे एवं गुमान साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पेज 11 के शेष

### प्रशासन की वादाखिलाफी...

स्तर पर काम ढाक के तीन पात है। सड़क पर डामर की परतें उखड़ चुकी हैं और बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे हादसों को न्योता दे रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग और ठेकेदार की घोर लापरवाही के कारण न तो सड़क की मरम्मत हुई और न ही पुल की सफाई की गई। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि खराब सड़क के कारण बाजार की रौनक गायब हो गई है। ग्राहकों का आना-जाना कम हो गया है, जिससे सीधा असर कारोबार पर पड़ रहा है। वहीं, उबड़-खाबड़ रास्तों से होकर स्कूल जाने वाले बच्चों और गंभीर मरीजों के लिए यह मार्ग किसी काल से कम नहीं है।

### छग मनवा कुर्मी ...

भीतर 22 वक्ताओं ने समाज के हित में अपने विचार व्यक्त किए। मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने गृह ग्राम चांपा को नमन करते हुए कहा कि उनके छोटे से गांव में समाज का महाअधिवेशन आयोजित होना गौरव की बात है। उन्होंने अपने पिता स्वर्गीय सोनचंद के नाम से सेवा का अवसर मिलने को सौभाग्य बताया और समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### रेत का अवैध...

निवासी लवन थाना लवन ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 पीएस 9271, ग्राम बिटकुली थाना सिटी कोतवाली निवासी 24 वर्षीय विजय कुमार मरकाम और ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 पीएम 7571, हीरालाल यादव 25 वर्ष निवासी इंदिरा कॉलोनी कसडोल, थाना कसडोल ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 22 वाय 2026, अरुण तिवारी 25 वर्ष निवासी ग्राम चिचपोल थाना कसडोल ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 28 ई 9201, पीयूष कुमार साहू 24 वर्ष निवासी लवन थाना लवन ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 22 एएच 8500, राघवेंद्र कुमार साहू 32 वर्ष, निवासी लवन थाना लवन ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 एनबी 9486 शामिल हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
20 फरवरी 2026
SHOW TIME
ओ रोमियो
शो समय - 12:00, 3:00, 6:00, 9:00 PM
शतक संघ के 100 वर्ष
शो समय - 12:00, 3:00, 6:00, 9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# लोहरसिंग की टीम बनी व्हालीबॉल प्रतियोगिता की विजेता

## प्रतियोगिता में रायगढ़, शक्ति, सारंगढ़, महासमुंद जिले के आठ टीमों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

ग्राम हरदी में स्व. मुरलीधर प्रधान स्मृति व्हालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन ओम् युवा स्पोर्ट्स क्लब हरदी के तत्वावधान में हुआ। प्रतियोगिता में रायगढ़, शक्ति, सारंगढ़, महासमुंद जिले के आठ टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन बिलाईगढ़ जनपद सदस्य जीवन सिंह नेताम के मुख्य आतिथ्य में, ग्राम पंचायत गाताडीह सरपंच अमर सिंह नेताम अध्यक्षता में तथा प्रधान पाठक रोहिदास बरिहा, संकुल केंद्र घरजरा के पूर्व संकुल समन्वयक पितांबर साहू के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। फाइनल मुकाबला लोहरसिंग एवं बिरकोल के मध्य खेला गया जो बेहद रोमांचक रहा। लोहरसिंग ने बिरकोल को 16-20, 20-8, 15-10 से हराकर खिताब अपने नाम किया और बिरकोल की टीम उपविजेता बनी।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि सारंगढ़ जिला पंचायत सदस्य शिवकुमारी अनिल साहू थीं। अध्यक्षता ग्राम पंचायत बिलासपुर सरपंच मीना हेमंत साहू ने की। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि शिवकुमारी अनिल साहू ने कहा कि 21 वर्षों तक लगातार प्रतियोगिता आयोजित करना क्लब एवं ग्राम हरदी के लिए बड़ी उपलब्धि है।



### खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने का दिया संदेश

दूरस्थ अंचल के गांव में इतना शानदार व्हालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कर ग्रामीणों ने एक इतिहास बनाया है। इस उपलब्धि के लिए आयोजक स्पोर्ट्स क्लब को बधाई देते हुए खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने प्रेरित किया। विजेता टीम लोहरसिंह को स्व. मुरलीधर प्रधान स्मृति में 8000 रुपए एवं ट्रॉफी, उपविजेता टीम बिरकोल को स्व. बस्टम साहू की स्मृति में कैलाश साहू द्वारा 5000 रुपये एवं ट्रॉफी प्रदान किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में निर्णायक सुशांत साहू झर उड़ीसा, अमर सिंह नेताम, पदमन यादव, हिमांशु प्रधान, सुधांशु प्रधान कॉमेंटेटर अमित चौरसिया, अजय गुरुजी, संयोजक गोवर्धन साहू, संरक्षक युगल किशोर प्रधान क्लब के सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने मुख्यमंत्री साय को दी जन्मदिन की बधाई

**सेल।** मंत्री गुरु खुशवंत साहेब की सतनाम सद्भाव पदयात्रा जिले में जारी है। पदयात्रा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का उत्साह देखने को मिल रहा है। जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया जा रहा है तथा बड़ी संख्या में समाजजन यात्रा में शामिल हो रहे हैं। इसी बीच मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन्मदिन पर कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। गुरु खुशवंत ने अपने संदेश में कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं और राज्य चौमुखी प्रगति की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आगे भी इसी प्रकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास का कार्य जारी रहे यह उनकी कामना है।

### परीक्षा पे चर्चा छात्रों के लिए सराहनीय कदम



**भाटापारा।** ग्राम पंचायत गुड़ेलिया के सरपंच संकेत अग्रवाल ने प्रधानमंत्री द्वारा विद्यार्थियों के लिए परीक्षा पे चर्चा आयोजन को एक सराहनीय पहल बताया। इस प्रकार का कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल परीक्षा के लिए तैयार करता है, बल्कि उनके मन में उत्पन्न होने वाले भय और तनाव को भी कम करता है। आज के समय में परीक्षा को लेकर बच्चों में चिंता और घबराहट सामान्य बात हो गई है। ऐसे में यदि ग्रामीण स्तर पर ही उत्साह व मार्गदर्शन मिल जाए तो विद्यार्थियों का आत्मविश्वास काफी बढ़ जाता है।यह पहल राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे कार्यक्रम परीक्षा चर्चा से प्रेरित मानी जा सकती है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से संवाद करते हैं। सरपंच ने विद्यार्थियों को बताया कि परीक्षा जीवन का केवल एक छोटा सा हिस्सा है, न कि पूरी जिंदगी। उन्होंने समझाया कि असफलता से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने समय प्रबंधन के महत्व को समझाते हुए कहा कि नियमित अध्ययन, सही योजना और अनुशासन से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

## गुरुदर्शन मेला : तीन दिवसीय मेले में आशीर्वाद लेने उमड़ेंगे श्रद्धालु

# गिरौदपुरी में आज से तीन दिवसीय गुरु घासीदास दर्शन मेला प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

बाबा गुरु घासीदास की जन्म स्थली गिरौदपुरी धाम में 22 से 24 फरवरी तक तीन दिवसीय गुरुदर्शन मेला का आयोजन किया गया है। 22 फरवरी से मेला प्रारंभ अध्यक्ष गुरु गद्दी नशीन के हाथों होगा। गिरौदपुरी धाम में तीन दिवसीय विशाल मेला पंचमी, छठ, सप्तमी तक लगता है। सतनामी समाज के आस्था के इस केंद्र में प्रथम मेला गद्दी गुरू राजमहंत और छत्तीसगढ़ के अलावा और अन्य राज्यों की श्रद्धालु पहुंचते है और मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। बलौदाबाजार कलेक्टर मेले की तैयारिया का जायजा एवं व्यवस्था को लेकर सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी को दिशा निर्देश दिए और सड़क, साफ-सफाई, बिजली, पेयजल, पार्किंग तथा पुलिस व्यवस्था को लेकर सभी विभागों को कड़ाई से पालन करने के साथ साथ शांति व्यवस्था बनाये रखने निर्देश दिया। मेले में तीन दिनों तक लाखों श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहेगा और अमृत कुंड, चरण कुंड, सफुरा माता तालाब, छातापहाड़, पंकुंडीय में भी भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करेंगे।

ठेला खुमचा व्यवसायों के लिए पीएचई तिराहा से छोटा मंदिर हेलीपैड के सामने वाला एरिया निर्धारित किया गया है, मुख्य सड़क में कोई भी ठेला नहीं रहेगा।







### पार्किंग स्थलों की जानकारी

शिवरीनारायण, गिधौरी, कसडोल, मडवा रोड से होते हुए आने वाले अपनी वाहन चौकी के पीछे शेर पंजा पार्किंग स्थल में पार्किंग करेंगे। बया, अर्जुनी, तरफ से आने वाले दर्शनार्थी अपनी वाहन अर्जुनी फारेस्ट बैरियर के पास पार्किंग स्थल में वाहन पार्किंग करेंगे। सोनाखान,नवागांव तरफ से आने वाले अपनी वाहन जोंक नदी के सामने पर्किंग में अपनी वाहन पार्किंग करेंगे। मुख्य मंदिर पार्किंग स्थल से जो भी दर्शनार्थी जोक नदी नहाने के लिए जाते हैं वे अपनी वाहन जोक नदी के बाएं और नहर के सामने स्थित पार्किंग स्थल में अपनी व्यवहार व्यवस्थित पार्किंग करेंगे। छाता पहाड़ दर्शन के लिए जाने वाले सभी अपनी वाहन महाराजी फॉरेस्ट बैरियर के सामने पार्किंग कर पैदल ही छाता पहाड़ दर्शन के लिए जाएंगे उसके आगे सिर्फ पास धारी वाहनों को प्रवेश दिया जाएगा अन्यथा कोई भी वहां आगे नहीं जाएगी। महाराज जी फॉरेस्ट डिपो पार्किंग स्थल में जगह समाप्त होने जाने पर फॉरेस्ट डिपो के पीछे तालाब के पास के पार्किंग स्थल में वाहन पार्किंग करेंगे। मुख्य मंदिर से छाता पहाड़ दर्शन के लिए जाने वाले एकांकी रोड का उपयोग करेंगे एकांकी रोड जोक नदी, महाराजी, एकांकी मार्ग का उपयोग करेंगे। सभी शासकीय अधिकारी कर्मचारी अपना शासकीय वाहन गिरोदपुरी चौकी के सामने और चौकी के पीछे वाहनों को व्यवस्थित पार्किंग करेंगे अनावश्यक रोड के ऊपर कोई भी वहां खड़ी नहीं करेंगे। मुख्य मेला स्थल में पीएचई तिराहा, मुख्य जैतखाम चौक, हेलीपैड चौक के अंदर कोई भी ठेला खड़ी नहीं करेंगे । यह एरिया ठेला खोमचा प्रतिबंधित एरिया रहेगा।

## राजस्व पखवाड़ा शिविर में सुलझाये जा रहे जमीन से जुड़े मामले




हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

बलौदाबाजार भाटापारा जिला शासन के निर्देशानुसार जिले में 16 से 30 फरवरी तक आयोजित किए जा रहे राजस्व पखवाड़ा के तहत ग्राम हिरमी में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की राजस्व संबंधी समस्याओं का उनके घर के पास ही त्वरित निराकरण करना रहा। प्रमुख अतिथियों की उपस्थिति में मुख्य रूप से डॉ. मोहन लाल वर्मा उपस्थित रहे। उनके साथ ही अपर कलेक्टर, सुहेला तहसीलदार, सहित राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, पटवारी नरेन्द्र वर्मा ग्राम के जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे। शिविर के मुख्य आकर्षण और कार्य शिविर के दौरान राजस्व मामलों में पारदर्शिता लाने और लंबित प्रकरणों को समाप्त करने के लिए कार्य किए गए, जिसमें नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन जैसे लंबे समय से लंबित मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया।

### ग्रामीणों को किसान किताब

ग्रामीणों को किसान किताब, अपडेटेड खसरा और नक्शा प्रदान किए गए। केंद्र सरकार की योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को स्वामित्व कार्ड का वितरण किया गया, जिससे उन्हें अपनी संपत्ति का कानूनी अधिकार प्राप्त हो सके। आपसी सहमति से जमीनी विवादों को सुलझाकर सामाजिक समरसता को बढ़ावा दिया गया। डॉ. मोहन लाल वर्मा ने संबोधन में कहा कि प्रशासन और जनता के बीच की दूरी कम करना ही इस पखवाड़े का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री की मंशा है कि किसानों और ग्रामीणों को अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। पारदर्शी प्रशासन की ओर एक कदम राजस्व पखवाड़ा के माध्यम से भू-अभिलेखों में सुधार और त्रुटियों को दूर कर प्रशासन को और अधिक जवाबदेह बनाया जा रहा है। ग्रामीणों ने शासन की इस पहल की सराहना की, क्योंकि इससे न केवल समय की बचत हुई बल्कि भ्रष्टाचार की गुंजाइश भी कम हुई है।

## महिलाओं को जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** महिलाओं को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपियों के विरूद्ध सिंघोड़ा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को शालिनी बारिक पति सनातन बारिक (32 साल) निवासी लांती ने बताया कि 19 फरवरी की रात करीबन 8 बजे के आसपास में अपने गांव की नीला बाई मानिकपुरी, अनुसया साहू, सेत बाई मानिकपुरी, संतोषनी साहू, दिव्या साहू, भूमि बरिहा, नीतांजली प्रधान, प्रेम नंदनी साहू और सावित्री मोंगरे के साथ गांव में घूम रही थी।

गांव के जगन्नाथ मंदिर के पास आरोपी योगेंद्र भोई, नेपाल भोई, मकरध्वज भोई, गोविंद भोई ने आकर तुम लोग गांव में क्यों घूम रहे हो कहते हुए सभी महिलाओं के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 351 (2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## भालेसुर में क्रिकेट प्रतियोगिता कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

ग्राम भालेसुर में बी.पी.एल. स्टार क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में रात्रिकालीन टेनिस बॉल ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 23 फरवरी से किया जाएगा। लॉट तैयार करने की तिथि 22 फरवरी निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता को लेकर क्षेत्र के युवाओं और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार विजेता टीम को 22,222 रुपये का प्रथम पुरस्कार मुकुल धुरंधर के सहयोग से प्रदान किया जाएगा। द्वितीय पुरस्कार 11,111 रुपये ग्राम पंचायत भालेसुर के सरपंच नवीन कुमार वर्मा तथा ग्राम पंचायत मोहरा के सरपंच तारिणी जवाहर वर्मा के सहयोग से दिया जाएगा। वहीं तृतीय पुरस्कार 4,444 रुपये जनपद सदस्य पुष्पा सुखनंदन चेलक एवं सुनील कुमार वर्मा के सहयोग से प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मैन ऑफ द सीरीज को 1,001 रुपये एवं अन्य आकर्षक पुरस्कार भी समिति द्वारा घोषित किए गए हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क 1,111 रुपये निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार प्रत्येक मैच 8 ओवर का होगा। सेमीफाइनल 10 ओवर और फाइनल मुकाबला 12 ओवर का खेला जाएगा। खिलाड़ियों को अपना खेल सामग्री स्वयं लाना होगा तथा अनुशासनहीनता की स्थिति में रन काटने का प्रावधान रखा गया है। अंपायर एवं आयोजन समिति का निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतियोगिता रात्रिकालीन रोशनी में आयोजित की जाएगी, जिससे दर्शकों को रोमांचक मुकाबलों का आनंद मिल सके। ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं को मंच देने और युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।



## संत कंवरराम चौक का होगा सौंदर्यीकरण



**भाटापारा।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा 2025-26 में अधोसंरचना मद से हिंद-सिंध के सरताज अमर शहीद संत कंवरराम चौक के सौंदर्यीकरण का कार्य स्वीकृत किया है। इसके लिए राजेश छाबड़िया अध्यक्ष संत कंवरराम सेवा मंडल ने संस्था की तरफ से व सम्पूर्ण सिंधी समाज ने वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा और पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा एवं वार्ड पार्षद भावना प्रकाश ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त किया।

## महाविद्यालय के 26 स्वयंसेवक ने दी बी प्रमाण पत्र की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत बी प्रमाण पत्र का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के कुल 26 स्वयंसेवक परीक्षा में सम्मलित हुए।

परीक्षा का आयोजन प्राचार्य डॉ. वंदना चौहान की अध्यक्षता में व कार्यक्रम अधिकारी भावना हेंवार के निर्देशन में हुआ। बाह्य परीक्षक के रूप में डॉ. प्रियंका पाटले कार्यक्रम अधिकरी स्व. रामनाथ वर्मा शास. महाविद्यालय मोपका-निपनिया उपस्थित हुई और स्वयं सेवकों को विभिन्न जानकारियां दी। बी प्रमाण पत्र के महत्व कॉलेज में रासेयो के दूसरे वर्ष के बाद मिलने वाला एक महत्वपूर्ण प्रमाण पत्र है। इसके माध्यम से स्वयंसेवकों में व्यक्तित्व का विकास और नेतृत्व क्षमता व सामाजिकता भावना का विकास होता है। महाविद्यालय के संचालक मनीष शुक्ला ने बी प्रमाण पत्र परीक्षा में सम्मलित स्वयं सेवकों को प्रोत्साहित किया।



## उड़नदस्ता दल ने किया निरीक्षण

# बोर्ड परीक्षा देवरी के केंद्राध्यक्ष बने दुर्गा प्रसाद साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं प्रारम्भ हो गई हैं। उच्च माध्य विद्यालय देवरी में दुर्गा प्रसाद साहू व्याख्याता शासकीय बहु उच्च माध्य विद्यालय भाटापारा को केन्द्राध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए हेमलाल साहू एवं सुनील कुमार दीवान सहायक केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किए गये हैं। परीक्षा के पहले दिन कक्षा 12वीं के भूगोल एवं भौतिक शास्त्र का प्रश्न पत्र हुआ। भूगोल में 50 छात्र उपस्थित व 01 छात्र अनुपस्थित रहा। भौतिक शास्त्र में 29 छात्र उपस्थित व अनुपस्थित निरंक रहें। शनिवार को 10वीं बोर्ड परीक्षा का हिन्दी प्रश्न पत्र था। जिसमें 134 छात्र उपस्थित तथा 3 छात्र अनुपस्थित थे। परीक्षा शांतिपूर्ण संचालित हुई। परीक्षा के प्रथम दिन विकास खण्ड स्तरीय उड़नदस्ता दल ने निरीक्षण किया। 10वीं बोर्ड परीक्षा में केन्द्र में शास उच्च माध्य विद्यालय देवरी के 110 तथा अशासकीय विद्यालय आत्मानंद के 27 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। प्राचार्य दिनेश कुमार शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को बिना तनाव, घबराहट के परीक्षा देने का सुझाव दिया हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा की आप संतुलित आहार लें, पर्याप्त निंद ले।

